सीसीटीएनएस/अति महत्वपूर्ण।

मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

08 वॉ तल, टावर–4, पुलिस मुख्यालय, अमर शहीद पथ, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ–226002

पत्रॉक:टीएस–सीसीटीएनएस–06/2010[XIII] दिनांक:जून 27, 2019

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक, समस्त जोन, उत्तर प्रदेश।
पुलिस महानिरीक्षक/ पुलिस उपमहानिरीक्षक, समस्त परिक्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
पुलिस अधीक्षक, रेलवे, समस्त अनुभाग उत्तर प्रदेश।
पुलिस अधीक्षक, एस0आई0टी0, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
समस्त जोनल कोऑर्डिनेटर, उत्तर प्रदेश।
समस्त परिक्षेत्र कोऑर्डिनेटर, उत्तर प्रदेश।
समस्त जनपद कोऑर्डिनेटर, उत्तर प्रदेश।

विषयः– **Use of CCTNS project to track [Un-incorporated Bodies] UIB's or creating database of directors of erring companies for reference and record.**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्याः डीजी–सात–एस–1–(7)2014 दिनांकः 29–03–2018 के द्वारा राज्य स्तरीय समन्वय समिति की चतुर्थ मीटिंग के कार्यवृत्त के अनुपालन हेतु उ0प्र0 शासन स्तर पर सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में दिनांकः 08–03–2018 को आहूत बैठक के दृष्टिगत जारी कार्यवृत्त संख्याः 407/6–पु–2–700 12/96 दिनांकः 22–03–2018 में निम्न तथ्य अंकित हैं:–

Use of CCTNS project to track UIB's or creating database of directors of erring companies for reference and record:

- उक्त समिति द्वारा अपेक्षा की गयी कि क्या सीसीटीएनएस के अन्तर्गत इस तरह के डाटाबेस को बनाया जा सकता है और जिसमें सर्च करने हेतु कुछ विशेष फील्डस जैसे कि Director Identification Number [DIN], Company Identification Number [CIN] इत्यादि हो जिसमें पुराने अभियोगों में किसी कम्पनी या उसके डायरेक्टर के लिप्त होने का पता लगाया जा सके। सीसीटीएनएस टीम द्वारा यह सूचना शासन/ आर0बी0आई0 को उपलब्ध करायी जाये।

2— उपर्युक्त के दृष्टिगत एनआईआईटी के स्तर से "एक नया एंट्री फार्म सीसीटीएनएस कोर एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर वर्जन 4.5 में विकसित कराया गया है। एफआईआर पंजीकृत करने के पश्चात जो भी एफआईआर उक्त मामले से सम्बंधित हैं उनकी प्रविष्टि के साथ–साथ पुराने रिकार्ड जो कोर एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर में उपलब्ध हैं उनमें भी डाटा फीड किया जा सकता है। **डाटा इन्ट्री किस प्रकार की जायेगी इस हेतु एस0ओ0पी0 तैयार कर इस मुख्यालय के पत्र संख्याः टीएस–सीसीटीएनएस–06/2010 [XI] दिनांकः 23–08–2018 द्वारा सर्व संबंधित को उपलब्ध कराई गयी है।** उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्याः 1342/6–2–2018–700(12)/ 96 दिनांकः 05–09–2018 के द्वारा **भी समस्त जनपदों को निर्देशित किया गया है।**

3— **Use of CCTNS project to track UIB's or creating database of directors of erring companies for reference and record** के आलोक में Director Identification Number [DIN], Company Identification Number [CIN] इत्यादि का डाटा अक्टूबर, 2018 में ज्ञात किया गया तो 126 रिकार्ड प्राप्त हुए जबकि जून, 2019 में उपरोक्त डाटा को सिस्टम के माध्यम से प्राप्त किया गया तो 129 रिकार्ड प्राप्त हुए। उक्त से स्पष्ट है कि उपरोक्त अवधि के मध्य मात्र 03 प्रकरण ही पंजीकृत किये गये।

4— अतः उपरोक्त के संबंध में अनुरोध है कि उपर्युक्त प्रकरण में समीक्षा करते रहें कि उपरोक्त के दृष्टिगत पंजीकृत होने वाले अभियोगों की तैयार की गयी प्रकिया के माध्यम से सतत् फीड हो रही है। इस संबंध में सर्व संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें तथा अनुपालन सुनिश्चित करायें।

27/6

(आशुतोष पाण्डेय)
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।